STAR PUBLIC SCHOOL

Dear Parents,

Today's assignment ( class 3rd)

👉 **English chapter - 9 article book**

👉 **Hindi vyakaran** in book + notebook
L-11 क्रिया

Home Assignment-

👉 * practice in notebook english independence's day or rakhsha bandhan
👉 hindi  viyakaran - L -14 मुहावरे do in notebook
👉EVS notebook- do worksheets practice

1:58 PM

कुछ मुहावरे, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग–

| मुहावरा | अर्थ | वाक्य प्रयोग |
| --- | --- | --- |
| 1. नौ दो ग्यारह होना | – भाग जाना | – पुलिस को देखकर चोर नौ-दो ग्यारह हो गया। |
| 2. घी के दीये जलाना | – खुशियाँ मनाना | – अपने एकमात्र पुत्र के विजयी होने पर माता-पिता ने घी के दीये जलाए। |
| 3. अँगूठा दिखाना | – इनकार करना | – मैंने जब रुचि से हिंदी की पुस्तिका माँगी, तो उसने मुझे अँगूठा दिखा दिया। |
| 4. आँख दिखाना | – डराना/गुस्सा करना | – तुम बिना किसी कारण के मुझे क्यों आँख दिखा रहे हो? |
| 5. उल्लू बनाना | – मूर्ख बनाना | – आजकल शिखा हर बात पर अपने छोटे भाई को उल्लू बनाती है। |
| 6. कान भरना | – चुगली करना | – कक्षा में सभी जानते हैं कि मेघा अध्यापिका के कान भरती है। |
| 7. हाथ बँटाना | – मदद करना | – मैं सदैव अपनी माँ के काम में हाथ बँटाती हूँ। |
| 8. आकाश से बातें करना | – बहुत ऊँचा होना | – आजकल की इमारतें आकाश से बातें करती हैं। |
| 9. फूला न समाना | – बहुत खुश होना | – अपना नया टेलीविज़न देखकर सौरभ फूला नहीं समा रहा है। |
| 10. नमक-मिर्च लगाना | – बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना | – आस्था को हर बात नमक-मिर्च लगाकर कहने की आदत है। |
| 11. लाल-पीला होना | – क्रोधित होना | – अपना नया मोबाइल खराब देखकर पिताजी लाल-पीले हो गए। |

| | | |
|---|---|---|
| 12. आँख का तारा | – बहुत प्यारा | – मोहित अपने माता-पिता की आँखों का तारा है। |
| 13. टाँग अड़ाना | – अड़चन डालना/बाधा डालना | – मुझे अपना काम करने दो। बीच में टाँग मत अड़ाओ। |
| 14. कान पर जूँ न रेंगना | – ध्यान न देना | – हिमांशी को चाहे कितना भी समझा लो परंतु उसके कान पर जूँ नहीं रेंगती। |
| 15. पेट में चूहे कूदना | – बहुत भूख लगना | – रमा ने आते ही माँ से कहा कि जल्दी से मुझे खाना दो। मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं। |
| 16. भीगी बिल्ली बनना | – बहुत डर जाना | – कक्षा में अध्यापक के आते ही सब बच्चे भीगी बिल्ली बन गए। |
| 17. अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना | – जान-बूझकर मुसीबत मोल लेना | – रमेश परीक्षा के समय इधर-उधर घूमकर अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मार रहा है। |
| 18. दाँत खट्टे करना | – पराजित करना | – शिवाजी ने मुगलों के दाँत खट्टे कर दिए। |
| 19. नाक में दम करना | – बहुत तंग करना | – शरारती बच्चों ने अध्यापक की नाक में दम कर दिया। |
| 20. घोड़े बेचकर सोना | – निश्चिंत होना | – परीक्षाएँ समाप्त होने पर काव्या घोड़े बेचकर सो रही है। |

### अब तक हमने सीखा

- मुहावरे साधारण कथन को विशेष बना देते हैं।
- मुहावरों के प्रयोग से भाषा निखर उठती है।

# अभ्यास

1. मुहावरे को उसके अर्थ से रेखा खींचकर मिलाइए– [Knowled

| | |
|---|---|
| हवा से बातें करना | अड़चन डालना |
| टाँग अड़ाना | खाने की चीज़ देखकर ललचाना |
| घी के दीये जलाना | तेज़ दौड़ना |
| मुँह में पानी भर आना | खुशियाँ मनाना |

2. चित्रों से संबंधित दो-दो मुहावरे लिखिए– [Critical Thinkin



1. ____________________
2. ____________________



1. ____________________
2. ____________________

3. चित्रों को देखकर मुहावरा लिखिए– [Applicatio




____________________



____________________



____________________




____________________

## आइए कुछ करें

शरीर के अंगों (नाक, कान, आँख, दाँत, हाथ) से संबंधित तीन-तीन मुहावरे, उनके अर्थ और वाक्य प्रयोग चार्ट पेपर पर लिखिए। [Creativity]